**बिहार सरकार**

**शिक्षा विभाग**

**कार्यालय, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(डायट), नवादा**

**दो वर्षीय पूर्व सेवाकालीन प्रशिक्षण (डिप्लोमा इन एलिमेन्ट्री एजुकेशन / D.El.Ed.) में**

**नामांकन हेतु सूचना**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), नवादा में अकादमिक सत्र 2020–2022 के लिए दो वर्षीय पूर्व सेवाकालीन प्रशिक्षण (डिप्लोमा इन एलिमेन्ट्री एजुकेशन / D.El.Ed.) में नामांकन हेतु विज्ञापन

**निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–315 दिनांक–16.12.2020 के आदेशानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), नवादा में अकादमिक सत्र 2020–2022 के लिए दो वर्षीय सेवा पूर्व प्रशिक्षण (डिप्लोमा इन एलिमेन्ट्री एजुकेशन / D.El.Ed.) में नामांकन हेतु राज्य के अहर्त्ताधारी महिला एवं पुरूष अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।**

| संस्थान का नाम | NCTE द्वारा सीटों की संख्या |
|---|---|
| जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) नवादा | 150 |

नामांकन हेतु अर्हता:–

1 नामांकन हेतु सामान्य अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक अर्हत्ता इण्टर / +2 में 50 प्रतिशत अंको की साथ उत्तीर्ण तथा अनु0जाति / अ0 जन जाति / निःशक्त अभ्यार्थियों के लिए 5 प्रतिशत छूट होगी।

2 NCTE द्वारा कुल सीटों की संख्या **05** प्रतिशत निःशक्त अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होगा तथा 10 प्रतिशत उर्दू विषय के अभ्यर्थियों के लिए क्षैतिज आरक्षण लागू होगा।

3 कुल सीट का 50 प्रतिशत विज्ञान तथा 50 प्रतिशत कला / वाणिज्य अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होगा।

नामांकन में **आरक्षण:–**

नामांकन में राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमों का अनुपालन किया जायेगा तथा कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार / सामान्य प्रशासन विभाग के वर्तमान में प्रभावी नियम / परिनियम आदि का पालन किया जाएगा।

**चयन का आधार :–** नामांकन हेतु चयन का आधार दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में प्राप्त प्राप्तांको का प्रतिशत होगा। दोनों कक्षाओं में प्राप्त प्राप्तांकों के प्रतिशत का औसत निकालते हुए नामांकन हेतु मेधा सूची का निर्माण कोटिवार किया जायेगा। प्राप्तांकों के प्रतिशत का औसत समान रहने पर अधिक योग्यताधारी अभ्यर्थी को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी। प्राप्तांकों का प्रतिशत का औसत एवं योग्यता समान रहने पर अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को चयन में प्राथमिकता दी जायगी।

उम्र सीमा:–

नामांकन हेतु 1ली जनवरी, 2020 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 17 वर्ष होनी चाहिए तथा आयु की अधिकतम सीमा नहीं है।

**नामांकन शुल्क:–**

नामांकन हेतु प्रति अभ्यर्थी 11500 / –(ग्यारह हजार पाँच सौ) रूपये (प्रथम वर्ष) मात्र की राशि शुल्क के रूप में ऑनलाईन पेमेन्ट के माध्यम से ली जायेगी। अनुसूचित जाति / अ0 जन जाति एवं निःशक्त अभ्यर्थियों के लिए यह राशि 7000 / –(सात हजार) रूपये मात्र होगी। उपर्युक्त राशि विद्यार्थियों के मासिक भोजन एवं छात्रावास शुल्क को छोड़कर निर्धारित है।

उपस्थिति:– वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए न्यूनतम 85 प्रतिशित उपस्थिति अनिवार्य होगी।

## आवेदन की प्रक्रिया–

नामांकन हेतु सिर्फ ऑनलाईन आवेदन स्वीकार होगा, जिसकी अन्तिम तिथि 04.01.2021 (सोमवार )तक है। ऑनलाईन आवेदन संस्थान के **website** www.dietnawada.in पर किया जाएगा। 100/–(एक सौ) रू0 की राशि आवेदन शुल्क के रूप में डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग से ऑनलाईन से पेमेन्ट किया जाएगा। आवेदक समय से आवेदन की प्रक्रिया पूरी करेंगे, अन्यथा किसी भी तकनीकी रूप से होने वाली कठिनाई के लिए संस्थान जिम्मेवार नही होगा।

**नोट**:– आवेदन ऑनलाईन की प्रक्रिया के समय फोटो, हस्ताक्षर, सभी शैक्षणिक अंक पत्र, उम्र प्रमाण हेतु मैट्रिक का प्रमाण पत्र, आरक्षित श्रेणी के लिए आवश्यक जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र तथा निःशक्त श्रेणी के लिए वैध निःशक्तता प्रमाण पत्र एवं अन्य संबधित प्रमाण प्रत्र अनिवार्य रूप से अपलोड करेंगे। विशेष जानकारी हेतु संस्थान के वेबसाईट या संस्थान के प्राचार्य के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

विभागीय निदेशानुसार निम्न कैलेन्डर के अनुसार प्रशिक्षण महाविद्यालय में नामांकन कार्य सुनिश्चित किये जाएगें।–

1. आवेदन ऑनलाईन प्राप्त करने की प्रारंभ तिथि– 21.12.2020 (सोमवार) से।
2. आवेदन ऑनलाईन किये जाने की अन्तिम तिथि– 04.01.2021 (सोमवार) तक।
3. औपबंधिक मेधा सूची (सभी समर्पित आवेदन हेतु) का प्रकाशन (संस्थान के वेबसाइट एवं सूचना पट्ट पर )–13.01.2021 ( बुधवार) तक।
4. मेधा सूची पर अभ्यर्थी द्वारा आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि :–20.01.2021 (बुधवार) तक।
5. प्राप्त आपत्ति के निराकरण के उपरान्त अंतिम मेधा सूची (सीट के अनुसार अभ्यर्थियों की सूची) एवं कोटिवार/विषयवार सम्पूर्ण प्रतीक्षक सूची का प्रकाशन (संस्थान के वेबसाइट एवं सूचना पट्ट पर) :– 27.01.2021 (बुधवार) तक।
6. नामांकन हेतु सूचना–प्रेषण ( **SMS**/ई–मेल/वेबसाइट द्वारा)– 29.01.2021 (शुक्रवार) तक।
7. नामांकन (प्रथम सूची एवं तदनुसार प्रतीक्षक सूची दोनों के आधार पर) :– 15.02.2021(सोमवार) तक।
8. नामांकन प्रक्रिया बन्द :– 16.02.2021 (मंगलवार) तक।
9. कक्षा संचालन प्रारंभ:– 19.02.2021 (शुक्रवार)

नामांकन से संबधित सूचना संस्थान के **website** www.dietnawada.in से प्राप्त किया जा सकता है। नामांकन हेतु प्रकाशित विज्ञापन को रद्द/संशोधित/स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा इच्छुक अभ्यर्थी उपरोक्त वर्णित शर्तो के आलोक मे आवेदन करें।

प्रभारी प्राचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
नवादा।